5 मैं बनूंगा सरपंच
भारत निर्वाचन आयोग की मंजूरी से गुरुग्राम में 21 नए मतदान केंद्र बने

6 अभिमत
इजरायल की जलवायु संबंधी तकनीक

9 देश/विदेश
विक्रम-एस का सफल परीक्षण भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण : पीएम

11 धर्म
हर कार्य में अत्यंत शुभ और मंगलमयी हैं पंचमुखी गणेश

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, शनिवार, 19 नवंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



स्व. चेतन चौहान मैमोरियल वैटरन क्रिकेट टूर्नामेंट

पेज - 12

## वाणिज्य विभाग द्वारा कॅरियर जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा कैरियर जागरुकता कार्यक्रम पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हमारे प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन और प्रेरणा से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सी एस रिया कथूरिया थीं। संचालन डॉ. रेखा सैन ने किया। मुख्य वक्ता ने दर्शकों को कंपनी सेक्रेटरी कोर्स के बारे में जागरूक किया और बताया कि कैसे आप आसानी से इस कोर्स को क्रैक कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आप अपने आत्मविश्वास के स्तर को कैसे सुधार सकते हैं और उनके आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाने के लिए कुछ गतिविधियां भी कीं। उन्होंने पर्सनैलिटी को बेहतर बनाने के लिए कुछ टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए कई अवसर जोड़े जिनका वे सीएस कोर्स करने के बाद लाभ उठाएंगे। कार्यक्रम में टीम के सदस्य डॉ. शोभना गोयल के साथ डॉ. डिंपल, सुश्री पूजा, सुश्री प्रीति, सुश्री नेहा, श्री पंकज भी शामिल थे।